प्रेषक,

अबुल कैश
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या– 4, हाथरस।

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय,
हाथरस।

विषयः– **<u>अचल संपत्ति क्रय करने की अनुमति के सम्बन्ध में</u>।**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी गाटा संख्या 856 मि0, रकवा 362 वर्ग मीटर स्थित मौजा कसारी मसारी, तहसील सदर, जनपद प्रयागराज का स्वामी है, जिसे प्रार्थी ने न्यायिक सेवा में आने से पूर्व आवासीय उद्देश्य से क्रय किया था। प्रार्थी ने अपनी अचल संपत्ति के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय को पूर्व में प्रेषित संपत्ति विवरण में उपरोक्त संपत्ति को दर्शाया है। प्रार्थी के पास ग्राम व पोस्ट राजा बाजार, जनपद जौनपुर में अपने भाइयों के साथ संयुक्त पैतृक मकान है। शहरी क्षेत्र में प्रार्थी के पास कोई मकान नहीं है। उक्त संपत्ति क्रय किये जाने के पश्चात् उसके आसपास की परिस्थिति में काफी परिवर्तन हो गया है। गाटा संख्या 856 का कुछ भाग इलाहाबाद विकास प्राधिकरण के खाते में दर्ज है। इलाहाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गाटा संख्या 856 की अपनी भूमि तथा अन्य गाटों की अपनी भूमि को मिलाकर वहां पर सामुदायिक केन्द्र बनाया गया है, जिससे वहां पर आवास बनाकर अब मेरा परिवार निवास नहीं करना चाहता। उक्त भूमि को विक्रय कर अन्यत्र भूमि/मकान क्रय करना चाहता हूं।

मैंने अपनी उक्त भूमि में से 30x55 वर्ग फिट भूमि रू0 30,60,000/– में विक्रय करने हेतु श्री ऋषि कुमार जायसवाल से मौखिक अनुबंध किया है। उक्त धनराशि में से मौजा करेला बाग की गाटा संख्या 96 मि0 में 30x49 वर्ग फिट भूमि उसके स्वामी श्री सैय्यद मकसूद अली पुत्र सैय्यद निसार अली निवासी मकान संख्या 77/87 बख्सी बाजार, परगना व तहसील प्रयागराज से रू0 20 लाख में क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया है। उपरोक्त विक्रेता अथवा उनके खास या दूरस्थ रिश्तेदार का कोई भी दीवानी अथवा फौजदारी वाद मेरे न्यायालय में लंबित नहीं है और न ही मेरे द्वारा निर्णीत किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या 25/एडमिन(ए) दिनांकित 13.07.1998 में वांछित सूचनाएं पृथक प्रपत्र पर संलग्न हैं।

अतः माननीय महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि उपरोक्त अचल संपत्ति क्रय करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें। मैं माननीय महोदय का सदैव आभारी रहूंगा।

सादर।

दिनांक– 04.12.2019 भवदीय

(अबुल कैश)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या– 4, हाथरस।